**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**

**अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-01**

संख्या : 6-9(2)/2017 ई-III दिनांक: 13.12.2021

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: सशस्त्र बल ध्वज दिवस निधि के लिए धन जुटाने संबधी

सन्दर्भ: दिनांक 26th अक्टूबर 2021 का डिपार्टमेंट ऑफ़ पसनल&ट्रेनिंग का अर्ध शासकीय पत्र सं. अ-28011/124/2011-Ad.III तथा नीति अनुभाग का दिनांक 15.11.2021 का कार्यालय ज्ञापन संख्या 5-1(17)/2008-PD

संदर्भित अर्ध शासकीय पत्र तथा कार्यालय ज्ञापन के अनुपालन में परिषद मुख्यालय तथा इसकी इकाईयों में कार्यरत सभी अधिकारियो/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि सशस्त्र बल ध्वज दिवस (7 दिसंबर) को देश की सेवा में सशस्त्र बलों के सर्वोच्च बलिदान की याद में मनाया जाता है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा सभी मंत्रालयों/विभागों के कर्मचारियों /अधिकारियों को स्वेच्छा से न्यूनतम रु. 200/- की राशि वेतन से सशस्त्र बल ध्वज दिवस निधि में दान करने का अनुरोध किया गया है। इस सन्दर्भ में निर्णय लिया गया है कि परिषद मुख्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारी स्वेच्छा से अपने दिराम्बर, 2021 माह के वेतन से रु.200/- उक्त निधि में दान करेगें।

इस सन्दर्भ में परिषद मुख्यालय तथा इसकी इकाईयों में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि जो अधिकारी/कर्मचारी स्वेच्छा से अपने वेतन से उक्त राशि सशस्त्र बल ध्वज दिवस निधि में दान करने के इच्छुक नहीं है वे दिनांक 20/12/2021 तक लिखित में इस कार्यालय /डी.डी.ओ को सूचित करे अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को दान के प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं है। जो अधिकारी/कर्मचारी रु.200/- से अधिक दान देने की इच्छा रखते है वे भी इस आशय की सूचना इस कार्यालय या डी.डी.ओ. को दे सकते हैं।

(अनिल कुमार)
अनुभाग अधिकारी

प्रति:

1. सीएसआईआर मुख्यालय/आईपी निदेशालय/विज्ञान केन्द्र/ महारानी बाग़ अतिथि गृह के सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष - इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र की विषय-वस्तु को अनुपालनार्थ अपने अधीनस्थ स्टाफ के जानकारी में लाएं।
2. डी.डी.ओ., परिषद मुख्यालय; इस अनुरोध के साथ की जिन अधिकारीयों/कर्मचारियों को कोई आपत्ति नहीं हो उनके माह दिसम्बर, 2021 के वेतन से रु.200/- का अंशदान काट कर सचिव, केंद्रीय सैनिक बोर्ड सचिवालय को भेजने का कष्ट करें
3. उपाध्यक्ष, सीएसआईआर का कार्यालय
4. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय
5. संयुक्त सचिव, सीएसआईआर का कार्यालय
6. सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग - इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को सीएसआईआर के वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की व्यवस्था करने की कृपा करें।
7. कार्यालय प्रति